

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

**1 सितंबर, 2024**

**प्रिय साथियो,**

मैं अपने प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। मैं अपने पूर्व अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री आर.पी. गोयल जी का उनके असाधारण नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। एनएचपीसी में 35 वर्षों से अधिक समय तक कार्य करते हुए मैंने अपने संगठन की उल्लेखनीय विकास यात्रा को देखा है। इस पद का दायित्व संभालने हेतु मुझमें विश्वास व्यक्त करने के लिए मैं सबका आभारी हूँ।

मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी को प्रतिष्ठित 'नवरत्न' कंपनी का दर्जा दिया गया है। यह मान्यता न केवल अधिक तत्परता के साथ कार्यनीतिक निर्णय लेने की हमारी क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास और बाजार विस्तार के लिए नए रास्ते भी खोलेगी है। यह उपलब्धि एनएचपीसी की पूरी टीम की लगन और कड़ी मेहनत के साथ-साथ हमारे हितधारकों के विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। इससे हमारी ज़िम्मेदारियां और चुनौतियां बढ़ गयी हैं। यह उपलब्धि आने वाले वर्षों में हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए प्रभावशाली प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

दिनांक 07 अगस्त, 2024 को अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार संभालने के बाद से मैंने श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री और श्री श्रीपद येसो नाइक, माननीय विद्युत राज्य मंत्री सहित प्रमुख सरकारी अधिकारियों के साथ निर्णायक बैठकें की हैं। मैंने श्री गिरिराज सिंह, माननीय कपड़ा मंत्री को एनएचपीसी की वर्तमान पहलों और भावी योजनाओं, विशेष रूप से हमारी संस्थापित क्षमता का विस्तार करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी अवगत कराया।

वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, एनएचपीसी वर्तमान में निर्माणाधीन 10,500 मेगावाट से अधिक के जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। हमारी दो जलविद्युत परियोजनाएं सुबनसिरी लोअर और पार्बती-II जलविद्युत निर्माण के आखरी चरण में हैं। मैं सभी संबंधित कार्मिकों से इन परियोजनाओं को प्रतिबद्ध समय सीमा के भीतर चालू करने का आग्रह करता हूँ। हमारे हितधारकों के प्रति हमारी जिम्मेदारियां महत्वपूर्ण हैं, और मुझे विश्वास है कि हमारी सामूहिक विशेषज्ञता, समर्पण और ईमानदारी उनकी अपेक्षाओं को पूरा करेगी।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) की राज्य सरकारों के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे राज्य संस्थाओं और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच संयुक्त उद्यमों के माध्यम से क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में सहायता मिलेगी, जो इस क्षेत्र में एनएचपीसी के भावी विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

दिनांक 20 अगस्त, 2024 को सिक्किम के तीस्ता-V पावर स्टेशन में भूस्खलन हुआ, जिससे टेल रेस टनल (टीआरटी) आउटलेट संरचना और जीआईएस बिल्डिंग का एक हिस्सा प्रभावित हुआ है। हमारी विशेषज्ञ टीम द्वारा तुरंत स्थिति का आकलन किया गया तथा अब प्रभावित हिस्से की आवश्यक मरम्मत/ सुधार हेतु कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

दिनांक 28 अगस्त 2024 को एनएचपीसी ने निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपनी 48वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया। सदस्यों ने मार्च 2024 में वितरित 1.40 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के अलावा, वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 0.50 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश को मंजूरी प्रदान की।
माह अगस्त 2024 के दौरान राजस्व संग्रह 959.38 करोड़ रुपए रहा। इस माह के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 12694 मिलियन यूनिट रहा।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएँ:**

- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस का समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया।
- एनएचपीसी की भावी परियोजनाओं और पहलों पर चर्चा के लिए दिनांक 3 अगस्त 2024 को पुडुचेरी में कस्टमर मीट का आयोजन किया गया।
- श्री सुखविंदर सिंह, माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एनएचपीसी के चमेरा-III पावर स्टेशन में ग्रीन हाइड्रोजन-आधारित मोबिलिटी प्लांट की आधारशिला रखी गयी।
- जलविद्युत और संबंधित क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास के लिए दिनांक 2 अगस्त, 2024 को आईआईटी गुवाहाटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- रंगित-IV जल विद्युत परियोजना के लिए मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के साथ दिनांक 12 अगस्त, 2024 को 40 वर्षों के लिए विद्युत क्रय समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 21 अगस्त 2024 को कार्मिकों के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सहज क्वेरी' और 'विधि संहिता' का शुभारंभ किया गया।

- विभिन्न सामाजिक पहलों के लिए क्रमशः 8 और 9 अगस्त, 2024 को दीपस्तंभ फाउंडेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर स्किल डेवलपमेंट अकादमी के साथ सीएसआर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- सीएसआर परियोजनाओं और 'शिक्षा रथ 7.0' पहल के लिए उड़ी पावर स्टेशन और समारम्भ फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- 4000 पेड़ों को लगाने के लक्ष्य के साथ दिनांक 21 अगस्त 2024 को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 150 पेड़ लगाए गए।

- दिनांक 26 से 31 अगस्त, 2024 तक राष्ट्रीय खेल सप्ताह का आयोजन किया गया तथा एनएचपीसी की स्पोर्ट स्कॉलर सुश्री रीतिका को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

मैं, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में आप सभी के साथ मिलकर कार्य करने और एनएचपीसी के विकास को आगे बढ़ाने के लिए नवीन विचारों का समर्थन करने के लिए तत्पर हूँ। आइए हम अपने लक्ष्यों को पूरा करने और सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए और अधिक जोश के साथ प्रयास करें।

आपको और आपके परिवार को गणेश चतुर्थी, ओणम और विश्वकर्मा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका,

रा० कु० चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**